तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 श्री भगवान राम की भक्ति में भगवामय हुआ देवकर



12 दुल्हन सजाओ स्पर्धा में छात्राओं का दिखा उत्साह



## खबर संक्षेप

### मंत्री दयाल दास बघेल करेंगे ध्वजारोहण

**बेमेतरा।** 26 जनवरी ( गणतंत्र दिवस) पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय के मुख्य समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल दास बघेल ध्वजारोहण करेंगे तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। इस आशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से सोमवार को जारी कर दिए गए है। जिला स्तरीय मुख्य समारोह जिला मुख्यालय के बेसिक मैदान में प्रातः 9 बजे शुरू होगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी तैयारिया समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।



### पंजीकृत 581 श्रमिकों के खातों में होगा 86 लाख 58 हजार 750 का भुगतान

**बेमेतरा।** श्रम विभाग के अंतर्गत असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में पंजीकृत हितग्राहियों को प्राप्त ऑनलाईन योजनाओं के आधार पर पात्र 581 श्रमिकों को लाभांवित किया जाना है। असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत संचालित असंगठित कर्मकार प्रसुति सहायता योजना में प्रथम दो बच्चे के जन्म पर 20 हजार रूपये सहायता राशि दिये जाने का प्रावधान है। जिनके तहत जिला के 138 हितग्राहियों को कुल राशि 27 लाख 60 हज़ार रूपये एवं असंगठित कर्मकारों के बच्चों हेतु छात्रवृत्ति योजना में 155 हितग्राहियों को कुल राशि 01 लाख 38 हजार 750 रूपये तथा छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल संचालित मिनीमाता महतारी जतन योजना में 288 हितग्राहियों को राशि 57 लाख 60 हजार रूपये का डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाना है। इस प्रकार श्रम विभाग में पंजीकृत 581 हितग्राहियों के खाते में कुल राशि 86 लाख 58 हजार 750 रूपये हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाना है।

### आर्मी-पुलिस भर्ती के लिए युवाओं को 1 से निःशुल्क ट्रेनिंग

**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने एक अभिनव पहल की है, उनके दिशा-निर्देश में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी मनोज तिर्की के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण कराया जाएगा। जिसमें बेमेतरा पुलिस के द्वारा ऐसे युवाओं के लिए जो पुलिस एवं आर्मी में भर्ती होना चाहते हैं, उनके लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित परीक्षा की गैर आवासीय निःशुल्क तैयारी कराई जाएगी। विदित हो कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ पुलिस एवं आर्मी में भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसी दौरान बेमेतरा पुलिस के द्वारा युवाओं के स्वर्णिम भविष्य को ध्यान में रखते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं लिखित परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कराने की एक माह की रूपरेखा तैयार की गई है। जिसके शेष पेज 13 पर

# जूनी सरोवर में कल हजारों श्रद्धालु लगाएंगे आस्था की डुबकी, सीएम साय होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नवागढ़

छेरछेरा पुन्नी के शुभ अवसर पर जिले के नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम ढनढनी स्थित जूनी सरोवर में आस्था एवं श्रद्धा की डुबकी लगाने कल लोगों की भारी भीड़ उमड़ेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामीण शामिल होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे के मद्देनजर तैयारियां युद्ध स्तर पर जारी है। जूनी सरोवर पहुंचने वाले दूसरे मुख्यमंत्री होंगे विष्णुदेव साय। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह यहां पहुंच चुके हैं।

**नवागढ़-संबलपुर मार्ग में है स्थल :** ज्ञात हो कि नवागढ़-संबलपुर मार्ग में कांपा नाला से महज 4 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में ग्राम ढनढनी की बसाहट है। गांव से कुछ ही दूरी में एक सरोवर स्थित है, जिसे क्षेत्र समेत पूरे प्रदेश में जूनी सरोवर के नाम से जाना जाता है। प्रतिवर्ष इस सरोवर के तट पर छेरछेरा पुन्नी के दिन विशाल मेला लगता है, जिसमें शामिल होने प्रदेशभर के श्रद्धालु पहुंचते हैं।

### सरोवर के आसपास कई मंदिर

जूनी सरोवर में मेले के आयोजन के लिये एक मेला समिति कार्यरत है। इस समिति द्वारा शिव जी एवं श्री कृष्ण जी का मंदिर भी इस स्थान पर बनवाया गया है। मेला स्थल पर सरोवर शेष पेज 13 पर

## छेरछेरा पुन्नी में प्रतिवर्ष लगता है भव्य मेला

### मान्यता: चर्मरोग होता है दूर

इस स्थान से जुड़ी जनश्रुति के अनुसार एक बार एक कुष्ठ रोगी ने राह से गुजरते हुये इस तालाब पर स्नान किया। दैवीय आशीर्वाद कहे या संयोग, उस व्यक्ति का कुष्ठ रोग कुछ ही दिनों में ठीक हो गया। यह तब की बात है जब कुष्ठ एक असाध्य रोग हुआ करता था। इस चमत्कार से ही लोगों का ध्यान इस सरोवर की ओर गया। तब से लोग अपनी मनोकामना लेकर इस सरोवर पर स्नान करने लगे। ऐसी मान्यता है कि इस सरोवर में स्नान करने पर चर्मरोग निश्चित ही दूर हो जाता है।



### निःसंतान दंपति की पूरी होती है मनोकामना

स्थानीय बुधराम साहू, राहुल साहू, झामसिंह रजक, भागिरती साहू, महेश यादव ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि यदि कोई निःसंतान दम्पती एक साथ इस सरोवर पर श्रद्धा पूर्वक स्नान करे तो उनके गोद अवश्य भर जातें हैं। इस मनोकामना के लिये निःसंतान दम्पती एक साथ हाथ में श्रीफल लेकर जूनी सरोवर में डूबकी लगाते हुये नारियल को सरोवर के अंदर किचड़ में यह कहते हुये गड़ा दिया जाता है कि मां हमारी गोद भर दे। सच्ची आस्था होने पर निश्चित ही एक वर्ष के अंदर संतान सुख की प्राप्ती होती है।

## मौसम

### दिन भर छाया रहा कोहरा, महसूस होती रही कड़ाके की ठंड

# बेमौसम बारिश से जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बीते कुछ दिनों से जिले में मौसम खराब होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। मंगलवार दिन भर बेमौसम बारिश होती रही। वहीं पूरा दिन कड़ाके की ठंड और कोहरे के साथ बीती। आम जनों के साथ-साथ बेमौसम बारिश ने रबी की फसलों पर कहर बरपाया है।

जिसके चलते जिले में रबी की फसलों को काफी नुकसान हुआ। कृषि के जानकारों की माने तो बारिश का सबसे ज्यादा विपरीत प्रभाव जिले में चने की फसल को हुई है। अधिकांश फसल खराब होने की बात कृषि से जुड़े लोग कह रहे हैं। किंतु किसान आगे मौसम के खुलने पर ठंड बढ़ने से बचे हुए फसल से किसान काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं ताकि मौसम की अनुकूलता का लाभ रबी की फसलों को मिल पाए और किसानों के संभावित नुकसान की भरपाई हो सके।



### जिले में चना, अरहर, गेहूं मुख्य फसल

सामान्य तौर पर जिले में किसानों के द्वारा चना, अरहर और गेहूं की फसल ही मुख्य रूप से ली गई है। मौसम के बिगड़े मिजाज दलहन के बड़े रकबा की फसल को खासा प्रभावित कर चुका है। बरहाल वर्तमान हालात में बने स्थिति के बारे में जब अंचल के किसानों से बात की गई तो उन्होंने बताया कि निश्चित रूप से मौसम में बड़ी ठंड से किसान खासा उम्मीद लगाए तो बैठे थे पर हालात विपरीत नजर आ रहे हैं।

### चना व गेहूं की फसल होगी खराब

अंचल के किसान नीरज चाडक ने बताया की इस बेमौसम बारिश से जहां चना की फसल में कीड़े पड़ने की पूरी संभावना है और गेहूं की फसल इस बरसात से खराब हो जायेगी। बहरहाल इसी तरह की शिकायत सबसे ज्यादा चना, तिवरा और अरहर की फसलों में देखा जा रहा है। तैयार फसलों के पौधे से फूल व फल अब झड़ने लगे है। वहीं कोहरे के चलते पौधों में कालापन भी दिखाई दे रहा है। जिसके चलते किसान इन फसलों से पूरी तरह निराश हो चुके हैं। हालांकि गेहूं की फसल से कुछ उम्मीद किसानों की बाकी है, किंतु गेहूं के फसल में भी उन फसलों को बारिश ने खासा प्रभावित किया है जिस पर किसान बुवाई के बाद सिंचाई कर बैठे थे और बारिश ने अपना कहर बरपाया।

# ईंट भट्ठे के गड्ढे में घायल मिला मजदूर, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांदघाट

ग्राम अकोली निवासी एक 60 वर्षीय मजदूर की ईंट भट्ठे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में मृतक के परिजनों ने जांच की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अकोली निवासी जनक राम निषाद पिता राजाराम निषाद उम्र 60 वर्ष नवागढ़-अंधियारखोर के पास जेवरा स्थित कैलाश भीमनानी पिता मोहन भीमनानी के ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था। सोमवार सुबह करीब 4 बजे जनक राम निषाद को उसके पड़ोसी मजदूर चंद्रशेखर निषाद ने उनके झोपड़ी के सामने लगभग बीस फीट गहरे गड्ढे में चोटग्रस्त व बेहोश हालात में पाया था। घटना की जानकारी मिलने पर उन्हें वाहन से बेमेतरा के एक हॉस्पिटल लेकर गए। वहां डॉक्टर नहीं मिलने पर बेमेतरा के ही एक अन्य हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां भर्ती नहीं किया गया। इस पर रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जनक राम को मृत घोषित कर दिया। जनक राम के मुंह में मिट्टी लगी हुई थी, मुट्ठी में चार इंच के गहरे चोट और जबड़ा टूटा हुआ था। मृतक के परिजनों का कहना है कि जनकराम गड्ढे में कैसे गिरा, यह भी जांच का विषय है।



■ अस्पताल के चक्कर काटते रायपुर पहुंचा वृद्ध, डॉक्टरों ने बताया मृत

मृतक के पुत्र कामता निषाद ने ईंट भट्ठा संचालक पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ईंट भट्ठे के संचालक कैलाश भीमनानी ने मेरे मजदूर पिता को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराई। पिता जी को बिना बिना एंबुलेंस और लाईफ सपोर्ट सिस्टम के नवागढ़ से बेमेतरा में आपातकालीन समय बर्बाद किया गया। उन्हें प्राथमिक उपचार भी नहीं कराया गया। इसके साथ ही कार्यस्थल पर जानलेवा गड्ढे को दोषी ठहराते हुए प्रशासन से शेष पेज 13 पर

# तरह-तरह की फूलों ने मोहा शहरवासियों का मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय में फूल प्रदर्शनी व प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने अपनी भागीदारी निभाई। विजेताओं का सम्मान किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक रश्मि ताम्रकार, भाग्यश्री पोल, सुशील शर्मा थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपेश साहू विधायक थे, अध्यक्षता पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने की।

■ विभिन्न वर्गों में आयोजित की गई फूल प्रदर्शनी व प्रतियोगिता

विशिष्ट अतिथि शकुंतला साहू और कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. संदीप भान्दक्कर, राजेन्द्र शर्मा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय सिन्हा, विजय सुखवानी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान श्री चंदेल ने दो विशिष्ट प्रतिभागियों को कश्मीर का ट्यूलिप गार्डन दिखाने का वादा किया है। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह आयोजन पिछले वर्ष से भी बेहतर रहा व आने वाले वर्षो में भी इसी तरह के सफल आयोजन की अग्रिम बधाईयाँ दी। शकुंतला साहू अध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा ने कहा कि यह आयोजन देखकर मुझे पिछले बार न आ पाने का अफसोस हो रहा है। उन्होंने आने वाले वर्षों में मैं स्वयं इसके बड़े आयोजन में सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने अनुरोध किया कि आयोजकगण इस प्रकार के आयोजनों का समय व दिन बढाएं। फ्लावर शो के इस आयोजन में दस केटेगरी में प्रतियोगिताएं रखी गई थी जिसमें बढ़ चढ़ कर विभिन्न शालाओं, विद्यालयों महाविद्यालयो एवम नागरिको ने हिस्सा लिया। विजेताओं को मोमेन्टो और प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में हितेंद्र मेश्राम जिला उद्यानिकी विभाग, कृषि महाविद्यालय विभाग, कृषि अन्वेषण केंद्र ,लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय,सी बी नर्सरी रायपुर और विभिन्न शालाओं का विशेष योगदान रहा।

प्रतियोगिता में निर्णायकों के रूप मे डॉ. वीना त्रिपाठी, डॉ.एकता ताम्रकार, प्रोफेसर टोपेन्द वर्मा, डॉ टी .वर्मा, डॉ. लव साहू, डॉ. कुंती बंजारे, शारदा तिवारी, ताराचंद महेश्वरी, दिनेश दुबे, ज्योति सिंघानिया रहे।



### ये रहे विजेता

होम गार्डन श्रेणी में पहला पुरस्कार सरिता किरोड़ी को मिला, दूसरा विनोद राघव, यश्वी छाबड़ा रहे। किचन गार्डन श्रेणी में पहला शशि दीदी (ब्रह्मा कुमारी, दूसरा ज्योति तिवारी, टेरेस गार्डन क्षेत्र में पहला ज्योत निवेदिता जोशी, वाटर प्लांट श्रेणी में नीतीश राज, दूसरा विनोद राघव, फल व सब्जियां प्लांट में पहला गणेश शुक्ला, दूसरा टोमिन ढीमर रहे। इसी तरह बोनसाई प्लांट में पहला प्रवीण वर्मा, दूसरा सृष्टि साहू रहीं। इसी तरह औषधीय पौधे श्रेणी में प्रथम आकृति व सहयोगी, सेकेंड भावनी सिन्हा रहीं। क्रोटोन प्लांट श्रेणी में पहला श्वेता देवांगन व दूसरा काव्या देवांगन तथा फ़ूलों के पौधों की श्रेणी में प्रथम माधुरी और दूसरा गीतश शुक्ला तथा कैक्टस प्लांट श्रेणी में पहला उपासना व दूसरे स्थान पर राजा जायसवाल रहे। इस आयोजन में पार्षदगण व सैकड़ों की संख्या में नागरिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी और कार्यक्रम का आनंद लिया। आयोजनकगण ने पूरे प्रतिभागियों, सहयोगियों व नागरिक गणों का आभार व्यक्त किया।




**पाठक सूचना**

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

### विपत्तिग्रस्त 6 परिवार के लिए 24 लाख की आर्थिक सहायता मंजूर

**बेमेतरा।** राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6-4 परिशिष्ट-1 (पांच) के तहत कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा मंगलवार को जिले के 6 विपत्तिग्रस्त परिवार को चार-चार लाख रूपये की मान से 24 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। उल्लेखनीय है कि प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने के फलस्वरुप मृतक के निकटतम वारिसान को यह आर्थिक सहायता राशि प्रदान किया जाता है। संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा के राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेमेतरा तहसील बेमेतरा निवासी रुपेश वर्मा की सर्पदंश से मृत्यु होने पर परिजन दुर्गा उर्फ़ सुरेन्द्र को, ग्राम थानखम्हरिया तहसील थानखम्हरिया निवासी दिलीप नेताम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन उत्तराबाई को, ग्राम हसदा तहसील भिम्भोरी निवासी रोहित कुमार वर्मा की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन बालका को, ग्राम दयालपुर तहसील नवागढ़ निवासी श्रुति साहू की नाला में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन जितेंद्र कुमार को, ग्राम मंगलोर तहसील बेरला निवासी उत्तरा निषाद की आग में जलने से मृत्यु होने पर परिजन घनश्याम निषाद को,ग्राम ग्राम थानखम्हरिया तहसील थानखम्हरिया निवासी बिसनाथ निषाद की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर परिजन शकुन बाई को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

खबर संक्षेप



## रौशनी से जगमगाया पार्श्वतीर्थ नगपुरा

दुर्ग। अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा दुर्ग मे सभी मंदिरों के साथ ही सम्पूर्ण तीर्थ परिसर को विद्युत प्रकाश से सजाया गया है। राष्ट्रीय धरोहर, सांस्कृतिक विरासत अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर तीर्थ अध्यक्ष गजराज पगारिया के सुझाव पर प्रबंधन के सभी ट्रस्टियों ने 1 से 22 जनवरी तक सम्पूर्ण परिसर को रोशनी करने का निश्चय किया था। श्री गजराज पगारिया ने बताया कि अयोध्या की पावन भूमि जैन धर्मावलंबीयो के लिए प्रणम्य हैं। सरयू व घाघरा नदी के तट पर बसे अयोध्या को जैनत्व एवं हिन्दुत्व संस्कृति में गौरवशाली स्थान प्राप्त है। शास्त्रों में अयोध्या तीर्थ का प्राचीन नाम इक्ष्वाकुभूमि कौशल, विनिता, अवध, रामपुरी, साकेतपुरी भी उल्लेखित है। जैन शास्त्रो के अनुसार ऋषभदेव प्रभु ने इसी स्थल पर इक्ष्वाकु वंश की स्थापना की थी। प्रथम राजा बनें। प्रभु ने यहीं पर सबसे पहले असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प व वाणिज्य इन छैः कर्मों का ज्ञान समाज को दिया था।

## रक्तदान शिविर में 19 यूनिट ब्लड एकत्रित

दुर्ग। दुर्ग जिला रक्त केन्द्र के द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। 20 जनवरी को दुर्ग जिला देवांगन समाज द्वारा परमेश्वरी आश्रम बघेरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 19 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। जिला रक्त केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल एवं प्रभारी अधिकारी डॉ नेहा नलवाया के नेतृत्व में डॉ पीयूष गायक, डॉ दिनेश प्रजापत, एंथोनी, रोशन सिंह, रूपेश सर्पे, तरूणा रावत, तीरथ, तरनुम्म आदि मौजूद थे।

## किरण व लक्ष्मी गणतंत्र दिवस परेड में होंगी शामिल


दुर्ग। नगर पालिक निगम की दो स्व सहायता समूह की महिला 26 जनवरी को दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड समारोह में शिरकत करेंगी। चयनित स्व. सहायता समूह की श्रीमती किरण साहू एवं श्रीमती लक्ष्मी जांगड़े पिछले कई वर्षों से नगर निगम के जीरो वेस्ट सेंटर में सफाई सुपरवाइजर का कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने मिशन क्लीन सिटी योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया गया है, जिसके तहत इनका चयन भारत सरकार की ओर से किया गया है। इन दोनों स्व. सहायता समूह की महिला को गणतंत्र दिवस परेड में विभागीय खर्च पर दिल्ली ले जाया जाएगा। उन्हें गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए केंद्र सरकार ने आमंत्रित किया है। महापौर धीरज बाकलीवाल एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शुभकामनाएं दी है।

## सुखेन्द्र बने लिपिक

दुर्ग। जिला शिक्षा विभाग में मुख्य लिपिक के पद पर डीईओ अभय जायसवाल द्वारा सुखेन्द्र कुमार देवांगन सहायक ग्रेड दो को मुख्य लिपिक का प्रभार दिया है, वही अनुकंपा नियुक्ति शिकायत एवं स्थापना राजकुमार राजपूत सहायक ग्रेड तीन को प्रभार दिया गया है।

## जस झांकी की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही

भिलाई। मां कल्याणी शीतला मंदिर परिसर मरोदा में आयोजित लोककला महोत्सव के दूसरे दिन 'सुआ के बोली' नृत्य दल रानी सागर गुल्लू आरंग और जस झांकी परिवार पोटियाकला दुर्ग की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही। तत्पश्चात विद्यादायिनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी डोंगरगढ़ , सिध्दीविनायक जस झांकी परिवार सिरसाखुर्द दुर्ग जय श्रीकृष्ण गोकुलधाम अहीर राउत नाच पार्टी टुरीपार राजनांदगांव, दीया के अंजोर लोककला फाग मंडली पेंड्री राजनांदगांव ,जय मां सरस्वती रामधुनी परिवार दैहान बांधा बाजार और जय मां सरस्वती रामधुनी परिवार जय मारा देव मारिया जस झांकी परिवार पचपेड़ी भखारा धमतरी की प्रस्तुति हुई । आरंभ में सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, स्थानीय पार्षद विधि यादव, सरिता देवांगन ने कलाकारों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया।



दुर्ग। गंज चौक में लगाया श्रीराम जी का कट आउट।





उत्साह : भगवा रंग में रंगा शहर, सुबह से भंडारा और प्रसादी वितरण

# अयोध्या में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का भक्तों ने देखा लाइव प्रसारण

दुर्ग। मस्तक पर तिलक का ललाट और रामलला के स्वागत की खुशी हर भक्तों के चहेरे पर नजर आ रहा था। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद शहर में खुशियों की लहर उठ रही थी। रामलला की एक झलक पाने लोग घर में टीवी और मंदिरों में एलईडी पर टकटकी लगाए हुए थे। राम की आशीर्वाद के रूप में लोगों ने भंडारा में प्रसादी लिया और रात को भजन और आतिशबाजी से दीवाली मनाया। राम के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में दुर्ग शहरवासियों ने दीवाली मनाई। शाम होते ही घरों के सामने रंगोली और दीपक से शहर जगमगा उठा। सुबह से ही शहर के मंदिरों में भंडारा और प्रसादी वितरण की कड़ी चलती रही।

## आप पार्टी ने कराया सुंदर कांड का पाठ



सोमवार को आम आदमी पार्टी के द्वारा पूरे देश में सुंदरकांड का पाठ अपने-अपने क्षेत्र में करने की तय कार्यक्रम के तहत आम आदमी पार्टी दुर्ग जिला के दुर्ग विधानसभा कार्यालय में डॉक्टर एसके अग्रवाल दुर्ग लोकसभा अध्यक्ष तथा पूरी टीम आरटीआई विंग प्रदेश अध्यक्ष मेहरबान सिंह के नेतृत्व में आज पार्टी कार्यालय में सभी कार्यकर्ताओं के साथ सुंदरकांड का पाठ करवाने का निर्णय लिया और आज शुभ अवसर पर सुंदर काण्ड का पाठ करवाया गया। इस दौरान राहुल ताम्रकार, मेहरबान सिंह, सोनू यादव, मनीष मिश्रा, रजत पांडे, हरचरण सिंह, शिवरायुडु, छवि, संदीप, बलदेव साहू, जीतू निषाद, संजीत विश्वकर्मा, उमेश उपाध्याय, अजय रामटेके आदि उपस्थित थे।

## मानस गायन प्रतियोगिता का आयोजन



जिला प्रशासन द्वारा कसारीडीह स्थित श्री रामजानकी मंदिर प्रांगण में श्री राम चरित मानस गायन का जिला स्तरीय आयोजन किया गया। विधायक गजेन्द्र यादव, संभागायुक्त एसएन राठौर, आईजी बद्रीनारायण मीणा, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और एसएसपी आरजी गर्ग सहित अन्य अधिकारी और नगरवासी मानस गायन का श्रवण किये। आयोजन में आनंद धारा मानस मंडली मालूद, सांई मानस परिवार अण्डा, उपासना मानस मंडली करेला, रघुनाथ मानस मंडली परसाही और जय मानस मंडली दारगांव धमधा नें राम चरित मानस का सूमधुर भक्तिमय प्रस्तुती दिये। मौके पर मंदिर परिसर में नगरवासियों नें 5100 दिप प्रज्वलित कर मंदिर को रोशनी से जगमग किये।

## कसारीडीह में लगाया गया एलईडी



अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रमोत्सव के अवसर पर कसारीडीह स्थित राम जानकी मंदिर प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से अयोध्या में आयोजित श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव का सीधा प्रसारण किया गया तथा दीप प्रज्जवलन किया गया। इस बार भी अयोध्या में भोग प्रसाद बटेगा भगवान को भोग लगाई जाएगी, उसमें छत्तीसगढ़ का चावल गया हुआ है। आज पूरे भारत में दीपावली जैसा माहौल बना रहा। इसी प्रकार विकासखण्ड धमधा के ग्राम बरहापुर, दुर्ग के ग्राम नगपुरा एवं पाटन विकासखण्ड के ग्राम लोहरसी के मंदिरों में भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा सहित आम नागरिक और अफसर उपस्थित थे।

## हैलो के जगह जय श्रीराम, सोशल मिडिया में खुशी

आयोध्या में राम के प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में लोग मोबाइल में हैलो के जगह जय श्रीराम का उपयोग करने लगे हैं। सोमवार को लोगों में इस कदर उत्साह दिखा कि, लोग एक-दूसरे को जय श्रीराम कहते नजर आए। शहर के हर घर के सामने भगवाध्वज और राम को दीपक के जगमगाहट से दीवाली मनाई गई। ठंगडा बांध में इस अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया था। सोशल मिडिया में लोग मैसेज भेजकर खुशी इजहार करते रहे।

## राम के आदर्श पर चले-विधायक

विधायक श्री यादव ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा को सभी सनातनियों के लिए गौरवान्वित होने की बात कही। उन्होंने आज के दिन को एतिहासिक दिन निरूपित करते हुए, लोगों को श्री रामचन्द्र जी के व्यक्तित्व को आत्मसात कर जीवन को उज्वल बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## जमकर फूटे पटाखे, छाया रहा भगवा वस्त्र

राम के स्वागत का असर रात को साफ दिखाई दे रहा था। राम होते ही आतिशबाजी से शहर गूंज उठा। इस आतिशबाजी ने दीपावली पर्व की याद ताजा कर दी। शहर में हर तरफ हर एक सेकंड में पटाखों की गूंज सुनाई देती रही। सुबह से ही पटाखों की दुकानों में जबरदस्त मांग बनी रही। इधर सोमवार को मंदिरों में आयोजक और यहां तक श्रध्दालु भी भगवा रंग के वस्त्र में नजर आए।

# आयुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने वार्डों में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

- किराना व जनरल स्टोर पर लगाया अर्थदंड



निरीक्षण के दौरान नागरिकों से सफाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, राहुल के अलावा स्वच्छता अमला मौजूद रहें। निरीक्षण उपरांत वार्डों में कीटनाशक व दुर्गन्धनाशक दवाई का छिड़काव करने कहा गया। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा सफाई कार्य में लापरवाही बरतने व अनुपस्थित रहने पर संबंधित सफाई कर्मी के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही करें। निगम सफाई अमला युद्धस्तर पर सफाई कराई जाए। साथ ही नागरिकों सहित व्यवसायियों को से फिट बैक ले। आयुक्त द्वारा ग्रीन चौक पर स्थित दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसके तहत सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले दुकानदारों को चेतावनी दी गई। खत्री किराना एवं जनरल स्टोर पर 500-500 की अर्थदंड की कार्यवाही की गई। उसके बाद वार्ड क्रमांक 12 पहुंचकर साफ सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

## कम्प्यूटर ऑपरेटर को हटाया

दुर्ग। तहसीलदार बोरी द्वारा विगत दिवस सेवा सहकारी समिति मर्या. लिटिया पंजीयन क्रमांक 2511 के उपार्जन केन्द्र लिटिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान टोकन जारी करते समय शासन द्वारा निर्देशों का युक्तियुक्त पालन किया जाना नहीं पाया गया। जिला सहकारी केन्द्री बैंक मर्या. दुर्ग के बोरी शाखा के पर्यवेक्षक ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए, धान खरीदी केन्द्र लिटिया में नियुक्त कम्प्यूटर ऑपरेटर अरवेन्द्र कुमार साहू को कर्तव्यों की उचित निर्वहन नही करने के कारण दायित्व से पृथक कर दिया है। साथ ही सहायक समिति प्रबंधक लतेश कुमार साहू को कम्प्यूटर ऑपरेटर का दायित्व सौंपा है।

## बालिका दिवस पर-एक दौड़ बेटियों के नाम

दुर्ग। 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना'' अंतर्गत 24 जनवरी 2024 के उपलक्ष्य पर ''एक दौड़ बेटियों के नाम'' आयोजित है। इस कार्यकम का उद्देश्य बालिकाओं के मध्य उच्च शिक्षा और कौशल विकास को बढ़ावा दिया जाकर खेलों में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ''एक दौड़ बेटियों के नाम'' आयोजित किया जा रहा हैं। उक्त दौड़ 24 जनवरी 2024 को प्रातः 8.00 बजे से सेक्टर 09 चौक से प्रारंभ होकर सिविक सेंटर चौक से पुनः सेक्टर 09 चौक में समापन होगा।

# घनश्याम कन्या कॉलेज में यौन शिक्षा पर दिया गया व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में विगत दिनों अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. शिवानी बंसल द्वारा यौन शिक्षा पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा, उपप्राचार्य नीतू सिंह, सभी संकाय की विभागाध्यक्ष, सहायक प्राध्यापिका, कर्मचारीगण एवं सभी छात्राएँ उपस्थित रही। मुख्य अतिथि का स्वागत पौधा व उपहार देकर किया गया। तत्पश्चात यौन शिक्षा आदि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए छात्राओं को यौन शिक्षा आदि से संबंधित विचारों को खुलकर बात करने के लिए प्रेरित किया तथा छात्राओं एवं सहायक प्राध्यापिकाओं द्वारा पूछे गए समस्याओं का भी निराकरण किया। कार्यक्रम का संचालन, सहायक प्राध्यापिका, जूली सोनछात्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।



छात्रों ने प्रतियोगिता में दिखाया बढ़-चढ़कर हुनर

# दुल्हन सजाओ स्पर्धा में छात्राओं का दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाङ्ढिक प्रतियोगिता के तहत दुल्हन सजाओ स्पर्धा हुई। प्रभारी

- विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपने हुनर का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, बिहार, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल तथा अन्य प्रांतों की संस्कृति से ओत-प्रोत दुल्हन श्रृंगार की बेहतरीन प्रस्तुति दी। साथ ही गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित वेल्यू एडेड कोर्स के सत्रावसान अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में तीन मुख्य पुरस्कार विजेता श्रीमती जूही व्यास थी।

दुल्हन सजाओ प्रतियोगिता में एमएससी प्राणीशास्त्र की कु. प्रज्ञा वैष्णव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय कु. श्रुति आदित्य एवं तृतीय स्थान पर बीए भाग-1 की कु. हिमांशी रही।

कु. तोशी साहू को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। निर्णायकों में पूर्वी ओसवाल, खुशी सरूप एवं सोनिम श्रीवास्तव थीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के इन्क्यूबेशन सेंटर का शुभारम्भ किया गया। जिसमें ब्यूटी पार्लर की सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। कौशल विकास की दिशा में गृहविज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं को इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराये जा रहे हैं।

# नए मतदाता को जोड़ने चलाया गया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आगामी 25 जनवरी 2024 को नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जुड़ने के लिए शुक्रवार को अहिवारा स्थित महाविद्यालय में भाजयुमो जिला महामंत्री मुकेश सोनकर की विशेष उपस्तिथि में पहली बार मतदान करने वाले युवक, युवतियों को इस महाअभियान से जोड़ कर राष्ट्रहित में मतदान करने हेतू प्रेरित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से भाजयूमो प्रदेश पदाधिकारी आशीष कुमेटी, विशेष आमंत्रित सदस्य अभिषेक सिंह पूर्व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हरि वर्मा, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवेश शर्मा, महामंत्री नागेश साहू, शिव कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, साहिल खान, मंत्री प्रवीण शर्मा, कीर्ति साहू, शैलेंद्र अग्रवाल, भोजराज साहू, राहुल वर्मा युवा मोर्चा के साथीगण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### संगीता ने थामा बल्ला

**गुरूर।** ग्राम आमापानी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के शुभारंभ में विधायक संगीता सिन्हा पहुंची। वहां पहुंचकर उन्होंने खिलाड़ियों के साथ चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाया। संगीता सिन्हा ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा छोटे से ग्राम में ऐसा आयोजन प्रेरणा देने वाला है। यह बताता है कि यदि मजबूत इच्छा शक्ति से कार्य करें तो कोई भी कार्य असम्भव नही है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तामेश्वर साहू, जितेंद्र यादव, आमापानी के बूथ के अध्यक्ष और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुहा जयंती में शामिल हुई संगीता



**गुरूर।** ग्राम डोटोपार में निषाद समाज द्वारा आयोजित गुहा जयंती कार्यक्रम में विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, दुर्गु राम, तोषण साहू, सरपंच, ग्रामीण व समस्त बूथ के अध्यक्ष कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जीने की राह दिखाती है रामायण : संगीता



**गुरूर।** ग्राम बालोदगहन में आयोजित रामायण प्रतियोगिता में विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुईं। संगीता सिन्हा ने कहा रामायण आज कलयुग में भी जीवन जीने की राह दिखाती है। ग्रामों में आयोजित हो रहे रामचरित मानस सम्मेलन हमें प्रभु श्रीराम के आदर्शों का संदेश देती है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में विजयश्री दिलाने के लिए आभार प्रकट कर क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान श्री राम से प्रार्थना की। संगीता सिन्हा के साथ में ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, दुर्गु राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रभात ध्रुव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू, भगवान दास, क्षेत्र के जनपद सदस्य, ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### चारवाही में गूंजा राम नाम



**बालोद।** ग्राम चारवाही में शीतला मंदिर प्रांगण पर स्थित श्री राम जानकी, हनुमान, शिव मंदिर में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा श्री राम जय राम का मंत्र का जाप सुबह 11 बजे से 1 बजे तक किया गया। उसके बाद सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा पाठ के साथ आरती भजन किया गया। शाम को भंडारा का आयोजन किया गया। वहीं, शाम होते ही घरों व मंदिरों में दीपक जलाए गए।

### सिलतरा ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

**बालोद।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 के अंतर्गत ग्राम सरेखा में 3 दिवसीय क्रिकेट का आयोजन किया गया था। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर थे। श्री चंद्राकर ने खेल का आनंद लिया तथा खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया। प्रतियोगिता में सिलतरा की टीम विजेता रही, वहीं द्वितीय स्थान पर ग्राम कोड़ेवा की टीम को मिला। जिपं सदस्य पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने विजेता टीमों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया।पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को बधाई दी और निरंतर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया।









**रथ पर सवार प्रभु श्रीराम लखन ने किया नगर भ्रमण : गुरूर।** पांच सौ सालों बाद अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण की खुशी चारों ओर छाई रही। इस ऐतिहासिक पल की खुशी में सहभागी बनने सभी ने तैयारी करते हुए नगर में विविध आयोजन किया गया। नगर में माहेश्वरी समाज द्वारा प्रातः भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्राचीन कालभैरव देऊर मंदिर से पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा श्रीराम जानकी मंदिर के लिए निकली। रथ पर प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण, जानकी की वेशभूषा में बच्चे सम्मिलित हुए। इनकी जगह-जगह आरती उतारी गई। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आहुतियां दी गई। शाम को सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रत्येक घरों में रंगोली सजाई गई, शाम को दीपमालिका सजाई गई व आतिशबाजी की गई।

## अध्यात्म : मां शीतला मंदिर से निकाली गई भव्य शोभायात्रा

# जामगांव आर में मनी दीपावली, छलका उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर क्षेत्र के गांव गांव में दीपावली जैसा उत्सव राम भक्तो ने मनाया। इसी तारतम्य में जामगांव आर में भव्य कलश यात्रा मां शीतला मंदिर से निकली जो नगर के सभी गली मोहल्ला होते होते हुए समारोह स्थल बाजार चौक कला मंच पहुंची। समारोह में सन 1992 अयोध्या मंदिर कार सेवा यात्रा में गए ग्रामीणों का सम्मान किया गया। इसी बीच नगर के वरिष्ठ समाजसेवी कामता प्रसाद साहू ने अपनी ओर से व्यक्तिगत 50 से अधिक ग्रामीणों को शॉल भेंट कर बहुमान करते हुए अपनी मनोरथ पूर्ण की। जो किसी कारणवश समारोह में नहीं आ पाए, उनके घर जाकर भेंट किया गया।

प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व साहू ने नगर के सभी घरों में जाकर राम सीता हनुमान की तस्वीर भेंट की। पावन दिवस पर घर घर दीप जलाए और महाआरती किए भंडारा में प्रसाद ग्रहण किए । शीतला समिति रामायण समिति दुर्गा उत्सव समिति संयुक्त रूप से ग्रामवासियों के साथ मिलकर आयोजन को भव्यता प्रदान करने में सराहनीय भूमिका निभाए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्टर द्वारा समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति में अयोध्या की राम लला प्राणप्रतिष्ठा संस्कार की आयोजन की लाइव प्रसारण देखा। ग्राम पुरोहित मुकेश शुक्ला के कर कमलों से ग्राम सरपंच राजकुमार ठाकुर, समस्त ग्रामवासी एवं अंगेश्वर साहू, सह पत्नी त्रिवेणी साहू की जोड़ी द्वारा विधिवत कलश पूजन कर सैकड़ों भक्त महिला पुरुष उत्साह के साथ भाग लिए। जामगांव आर का नजारा दीपावली सा बना रहा।





### 1992 के कार सेवकों का हुआ सम्मान

राम मंदिर निर्माण का संकल्प लेकर अयोध्या जाकर 6 दिसंबर 1992 को कार सेवा भागीदार बनने गए जामगांव आर निवासी कन्हैया लाल साहू, कचरा बाई निर्मलकर, शांति बाई भिंगज, जनक राम साहू, छन्नू लाल साहू, जीवलोखन चंद्राकर, कोमल साहू, बुधियारीन साहू एवं मरणोपरांत स्व. दयालु चंद्राकर, स्व.इंद्र कुमार शर्मा, स्व .झूलन बाई साहू, स्व .पुनई बाई साहू, स्व जाम बाई मराठा का सम्मान आयोजन समिति जामगांव आर ने किया।

## भगवा रंग में रंगे सिकोसा के ग्रामीण

**बालोद।** अयोध्या नगरी में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिकोसा में भी लोगों ने स्वफूर्त अपनी दुकान बंद कर गांव के प्रत्येक घर से महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा में महिलाएं एक ही रंग के वस्त्र में नजर आईं, वहीं पुरुषों ने भी भगवा रंग धारण किया था। जय श्री राम, जय सियाराम का भजन कीर्तन करते हुए उनकी अगुवाई की शोभायात्रा के प्रथम पंक्ति में गुरु घासीदास मंडली सिकोसा द्वारा पंथी नृत्य एवं यादव समाज द्वारा राउत नृत्य करते हुए शोभायात्रा के आगे-आगे चलते रहे। सिकोसा के उक्त आयोजन में कलश शोभायात्रा के दौरान स्थानीय मुस्लिम परिवार शब्बीर रिजवी व उनके परिवार द्वारा कलश शोभायात्रा का बड़े उत्साह से स्वागत किया।

- धूमधाम से निकाली भव्य कलश शोभायात्रा




इस पर्व में शामिल होकर खुशी जाहिर की साथ ही इन मुस्लिम परिवार द्वारा प्रसाद व ठंडा पेयजल वितरण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सिकोसा के सरपंच आरोप चंद्राकर, उप सरपंच गांव के नागरिक देवेंद्र देशमुख, भीष्म पटेल, अशोक पटेल, सुरेश राव, वेंकटेश्वर राव, बृजमोहन चंद्राकर, तोसपाल निषाद, वीरेंद्र चंद्राकर, ठाकुर रूपेंद्र सिंह, अनिल जैन, विकास जैन, रमन यादव, पंचराम यादव, संजय बारले, हेमलाल मारकंडे, आत्माराम पटेल, दानेश्वर देशमुख, संदीप देवांगन, कुलेश्वर शर्मा, राजकुमार यादव, तीरथ महादेव, पुरण महादेव सहित स्थानीय महिला संगठनों की विभिन्न टोलिया शामिल रही।

## बोड़रा में रामायण स्पर्धा में शामिल हुई संगीता



**गुरूर।** ग्राम बोड़रा में आयोजित भव्य रामायण प्रतियोगिता में विधायक संगीता सिन्हा प्रभु श्री राम के दरबार पहुंची। जहां रामायण का भव्य आयोजन महिलाओं द्वारा आयोजित कराया जाता है, जिसमें पूरे ग्राम का सहयोग रहता है।

रामायण मंच में पहुंची संगीता सिन्हा ने कहा ग्राम बोडरा पूरे विधानसभा में पहला ग्राम है, जहां की बहुएं आगे आकर इतनी बड़ी जिम्मेदारी उठाती हैं। पूरे रामायण प्रतियोगिता के कार्यों को सफलतापूर्वक कर सराहनीय व प्रेरणादायक कार्य कर रही है। उन्होंने प्रभु श्रीराम से क्षेत्र की जनता की खुशहाली के लिए भगवान श्री राम से प्रार्थना भी की। संगीता सिन्हा के साथ में ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, टोमन साहू, दुर्गु राम, जनपद उपाध्यक्ष तोषण साहू, जनपद सदस्य राजश्री, नोखे लाल, ग्रामीण व बूथ अध्यक्ष, कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सतनामी समाज ने मरीजों को बांटा फल

**बालोद।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सतनामी समाज द्वारा मरीजों को फल वितरण किया गया।

अध्यक्ष जिला सतनामी समाज बालोद संजय बारले, वरिष्ठ समाज सेवी एवं ज़िला संरक्षक पवन जोशी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर समाज के द्वारा गुण्डरदेही हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया और उनकी हालचाल जाना, साथ ही सहयोग प्रदान कर रहे हास्पिटल कर्मचारियों को भी फल दिया गया।

जिला संरक्षक पवन जोशी एवं जिला अध्यक्ष संजय बारले ने बताया कि आज का दिन इतिहास के पन्ने में दर्ज हो गया, पूरा भारत राम मय हो गया, बहु प्रतीक्षित रामलला मंदिर अयोध्या की प्राण प्रतिष्ठा पूर्ण हुआ, जिला पंचायत अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा ने जिला एवं सभी प्रदेश वासियो को अयोधया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक बधाई दी। उन्होने कहा सनातन धर्म की जीत हुई, सभी समाज मे काफी उत्सव का माहौल है, जगह जगह भण्डारे का आयोजन समाज व समिति के पदाधिकारी के द्वारा किया गया, भगवान रामचन्द्र जी की आरती उतारकर राम जी की जयकारे लगाये, वक्ताओं ने कहा भगवान रामचन्द्र जी की आदर्श पर चलकर समाज व देश का विकास संभव है। इस अवसर को यादगार बनाने में समाज के वरिष्ठ समाज सेवी मानसिंह देशलहरा, युवा ज़िला संयोजक दीपक बघेल, जिला विधि सलाहकार विजय बारले, तहसील सतनामी समाज महासचिव संदीप जोशी, छबि लाल बंजारे, भूपेन्द्र चाणक्य, समारू टंडन, रवि टंडन सहित समाज के प्रमुखों का सहयोग रहा।



## मानस सम्मेलन में गूंजा राम का नाम




**बालोद/कलंगपुर।** अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शासन प्रशासन द्वारा विकासखंड स्तरीय रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया।

- जिला प्रशासन द्वारा किया गया विकासखंडस्तरीय आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कुंवरसिंह निषाद, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मोंटी यादव, जनपद उपाध्यक्ष अजय जैन, सरपंच चमेली पटेल उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान राम जी की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि भगवान श्रीराम कथा के श्रवण से मन के राग, द्वेष, ईर्ष्या और भेदभाव स्वतः समाप्त हो जाते हैं। श्री राम का नाम अनमोल है। राम का नाम लेने से जीवन में खुशियां आती हैं, जिसके हृदय में प्रभु के प्रति भाव जागते हैं। जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि जिस पर हरि कृपा होती है, वह मनुष्य ही श्रीराम कथा में शामिल होता है। श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, इस सम्मेलन में शामिल होने हजारों की संख्या में क्षेत्रभर से लोग यहा पहुंच रहे है, निश्चित रूप से ऐसे धार्मिक कार्यक्रमो के आयोजन से गांव क्षेत्र में भाईचारा के साथ खुशिया आती है। आज का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद आज श्रीराम जी की जन्मभूमि में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन हो रहा है। मोंटी यादव ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ में भगवान राम और रामायण के प्रति अटूट श्रद्धा है, आज का दिन दीपावली से कम नहीं है। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधि सहित अनेक रामभक्त उपस्थित थे।

## ग्राम भेंड़ी में धूमधाम से मना रामोत्सव



**डौंडीलोहारा।** हिंदुओं की आन बान शान और आस्था का प्रतीक रहे अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा से पूरा देश गौरवान्वित महसूस कर रहा है। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं गांव गांव में राम की भक्ति में डूब गया है।

समीपस्थ ग्राम भेंड़ी में भी अवधूत सेवा समिति, बजरंग दल, शीतला सेवा समिति और ग्रामवासियों के सहयोग आज के दिन को यादगार बना दिया गया। राम दरबार की झांकी व 999 कलश के साथ शोभायात्रा निकालकर शीतला मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर होते हुए अवधूतेश्वर महादेव मंदिर मुक्तिधाम में श्री राम चंद्र, हनुमान जी और भोलेनाथ की महाआरती के साथ शोभायात्रा का समापन हुआ। खीर पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में गांव के यादवों द्वारा राउत नाचा और बच्चों महिलाओं द्वारा डीजे की धुन पर भगवान राम के भजनों पर नाचते झूमते हुए गांव का भ्रमण किया गया। बच्चे बुजुर्ग महिलाएं सभी पीले और भगवा रंग में रंगे हुए थे। रात में समस्त ग्रामवासियों के लिए भंडारा का आयोजन रखा गया था जिसमें तीन हजार लोगों को भोजन कराया गया। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महासिंह राणा,खेमन्त साहू, गिरवर पांड़े, मोती पटेल,भरत पटेल, कमलेश ढाले,मन्नू लाल गांवरे, सतीश यादव, तोमेश्वर साहू, सुशील साहू, रमेश साहू, विरेन्द्र साहू ठाकुर राम राणा,जय सिंह, टेमेंद्र पांड़े, दीपक पांड़े,नंदू गावरे, उर्वशी ठाकुर, चिरंजीव साहू अंगेश्वर साहू,कृत निषाद, योगेश, डेविड, कीर्तन राव,टुमन पटेल, दिनेश जैन, पीतांबर पटेल, झुमुक सिन्हा, मिथलेश साहू,इंद्रपाल पटेल, हिरामन पटेल, अमर यादव, उमेश यादव, सुंदर यादव, डिकेश, ऐसे सुदामा पटेल,केसर, रुचि, भाव्या, पूर्वी, चांदनी,परितु, होमिका, गौरी का सराहनीय योगदान रहा।

## दर्रीटोला-परेंगुड़ा में निकली शोभायात्रा



**बालोद।** आयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में ग्राम दर्रीटोला परेंगुड़ा में कलश के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के इस ऐतिहासिक आयोजन को देख सभी गदगद हो गए, गांव का माहौल अयोध्या धाम लगने लगा। हर घर से प्रत्येक महिला सिर पर कलश लेकर शोभायात्रा में शामिल हुई। वहीं ग्रामीण भी इस शोभायात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण भगवान श्री रामचंद्र का रथ रहा, जिसे फूल-माला से सजाकर ज्योति कलश जलाकर गांव के प्रत्येक मोहल्ले से होते हुए मंदिर प्रांगण में ले जाया गया। गांव में यह यात्रा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली। इस अवसर पर ग्राम पटेल गैदचंद मंडावी, लखन राम, कुंवर सिंह, रुपसिंह नेताम, बीरबल सिंह, भूसाखरे सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## खजाने की चाबी एवं सुखमय जीवन की प्रेरक कहानी पुस्तक की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम करहीभदर के सद्गुरु कबीर आश्रम के संत दिनेंद्र दास की दो पुस्तकें खजाने की चाबी 101 लघुकथाएं एवं सुखमय जीवन की प्रेरक कहानी की समीक्षा एवं कवि सम्मेलन हुआ।

सदगुरु कबीर साहेब की पूजा एवं आरती के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष हिंदी साहित्य भारतीय छत्तीसगढ़ बलदाऊ साहू ने कहा कि दिनेंद्र साहेब के अंतःकरण में समाज के बुराइयों के प्रति पीड़ा है, उस पीड़ा को इंगित करते हुए सुधार की बात कही है। अध्यक्ष मधुर साहित्य परिषद डॉ. अशोक आकाश बालोद ने पुस्तकों की समीक्षा करते हुए कहा उनके साहित्य में संदेशों को रचनात्मक रसात्मक अभिव्यक्ति और जीवन दर्शन का काव्यात्मक रंग देखने को मिलता है, पुस्तक के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहे हैं। कबीर आश्रम करहीभदर संत देवेंद्र साहेब ने कहा कि संत दिनेंद्र साहेब की पुस्तकें कबीर के विचारों से ओतप्रोत हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षा करते हुए पंडित मोहन प्रसाद चतुर्वेदी ने कहा कि दिनेंद्र दास जी संत हैं, उन्होंने जो कुछ लिखा लोगों के हित के लिए लिखा हैं। पुस्तक लेखक दिनेंद्र दास ने कहा कहानी लिखने का उद्देश्य इतना ही है कि समाज में फैले हुए कुरीतियां, अंधविश्वास पाखंड, ब्रह्म, भूत प्रेत, चमत्कार से ऊपर उठकर नई जागृति पैदा करना, विवेकवान बनना और सद्दाचरण अपनाना। जगदीश देशमुख, टीआर. महमल्ला, सीताराम श्याम ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन भरत बुलंदी ने किया ने किया। इस अवसर पर अमिता रवि दुबे, सुषमा आडिल, सीमा साहू, नेमीन साहू, डीडी गजेंद्र, अध्यक्ष रचना साहित्य समिति धर्मेंद्र श्रवण, देवघर साहू, डॉक्टर एचडी. महमल्ला, पुनूराम गुरुपंच, बेणीराम सार्वा, सरपंच ग्राम भानपुरी अरुण कुमार साहू, सरपंच करहीभदर लीलाराम डड़सेना व सैकड़ो की संख्या में श्रोता उपस्थित थे।



## पेज 11 के शेष

### जूनी सरोवर में कल ....

के उत्तर-पश्चिम में बूढ़ा महादेव का मंदिर है, जिसके ऊपर दुर्गा माता का मंदिर है। बूढ़ा महादेव के पूर्व में काली मां व हनुमान जी का मंदिर हैं। बूढ़ा महादेव के पश्चिम में यज्ञ स्थल है। यज्ञ स्थल के दक्षिण में ज्योति कक्ष व मंच है। मंच के दक्षिण में राधा-कृष्ण, दक्षिण में मुख्य शिव जी, उसके दक्षिण में दुर्गा जी, उसके दक्षिण में एक मंच है। बूढ़ा महादेव के उत्तर में पीछे की ओर एक और दुर्गा माता है तथा उसके ऊपर में एक बड़ी दुर्गा माता है। दुर्गा माता के उत्तर में मंच व ज्योति कक्ष है। बूढ़ा महादेव के पश्चिम में शिव के दो मंदिर हैं।

**14 एकड़ में फैला है परिसर :** प्रतिवर्ष पौषपूर्णिमा के एक सप्ताह पूर्व से यहां धार्मिक आयोजन होने लगते हैं। जूनी मेला का परिसर 14 एकड़ में फैला हुआ है। इस परिसर पर मेला अवधी में विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं मनोरंजन केन्द्र सजा होता है। इस मेले में आस-पास के क्षेत्रवासीयों के साथ-साथ दूर-दूर के आस्थावान पर्यटक भी पहुंचते हैं ।

### ईंट भट्टे के गड्ढे ...

संपूर्ण जांच की मांग की है। मृतक के भतीजे और भाजपा युवा नेता रोहित निषाद ने नदी किनारे जानलेवा गड्ढे खोदने पर ही सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि अनाधिकृत रूप से अंधाधुंध अवैध उत्खनन के कारण जान जाने पर भट्ठा संचालक और संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है। बताया जाता है कि इससे पहले भी इसी ईंट भट्ठे में और भी दुर्घटना घट चुकी है, लेकिन संचालक ने मजदूरों को कोई भी आर्थिक सहयोग नहीं किया।

### आर्मी-पुलिस भर्ती के लिए ...

तहत 1 फरवरी से प्रतिदिन युवाओं को परीक्षा की तैयारी विषय विशेषज्ञों के द्वारा कराई जाएगी, जिससे बेमेतरा जिले से अधिक से अधिक युवाओं का पुलिस एवं आर्मी में चयनित हो सके। इस निःशुल्क प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए ऑनलाइन गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप




### विकसित भारत का संकल्प पूरा करने कृषि कॉलेज से निकली रैली

**बेमेतरा।** कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र साजा में विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मोहगांव ग्राम में कृषि क्षेत्र में विकास के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प पूरा करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को कृषि का महत्व बताते हुए उससे संबंधित नारे लगाये गये। इस रैली कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. आर. एस. लॉझियाना, डॉ. के. एन. कोशले एवं सभी अतिथि शिक्षकगण के साथ-साथ सभी वर्ष के छात्र-छात्राएं सहभागी रहे।

### कचरा बीनने वाले की हत्या की कोशिश

**रायपुर।** गोलबाजार थाना क्षेत्र के शास्त्री बाजार शराब दुकान के पास अज्ञात युवक ने एक कचरा बीनने वाले युवक के गले तथा सिर पर धारदार हथियार से वार कर हत्या करने की कोशिश की। शराब दुकान के गार्ड की शिकायत पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपी की पतासाजी कर रही है। शराब दुकान के गार्ड पंकज साहू ने पुलिस को बताया कि रविवार शाम पौने छह बजे एक युवक शराब दुकान के पास पेशाब कर रहा था, जिसे दुकान के पास सीसी तथा कचरा बीनने वाले लंबू ने मना किया। इस बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। रात पौने आठ बजे गार्ड ने देखा कि कचरा बीनने वाला युवक विजेता कांप्लेक्स के पास खून से लथपथ बेहोशी की हालत में पड़ा है।

### घर में झंडा लगे रहे व्यक्ति की करंट से मौत

**रायपुर।** आजाद चौक थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति की घर में झंडा लगाने के दौरान हाईटेंशन वायर की चपेट में आने से करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक लाखेनगर सोनकरपारा निवासी लक्ष्मण सोनकर की करंट लगने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार लक्ष्मण सोमवार सुबह अपने घर की छत में झंडा लगाने चढ़ा था, इसी दौरान वह हाईटेंशन वायर की चपेट में आ गया और उसकी करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई।

### व्यापारी संघ ने शिक्षक शर्मा का किया सम्मान

**रायपुर।** भाठागांव व्यापारी संघ ने सोमवार को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित समाजसेवी शिक्षक बिहारीलाल शर्मा का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। वे नगरमाता बिन्नी बाई सोनकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भाठागांव में पदस्थ हैं। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शिक्षक श्री शर्मा द्वारा प्रतिवर्ष लगभग 300 से 400 विद्यार्थियों को जूते, मोजे, स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग का वितरण किया जाता है, साथ ही निर्धन छात्र-छात्राओं की स्कूल फीस भी जमा करते हैं। इसके अलावा बच्चों की ज्ञान में वृद्धि के लिए प्रतिवर्ष शिक्षक, रायपुर शहर के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थल जैसे पुरखौती मुक्तांगन, नंदनवन, जंगल सफारी, राम मंदिर, साइंस सेंटर एवं अन्य पर्यटन स्थल का भ्रमण अपने स्वयं के व्यय से कराते हैं। गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई-लिखाई में कमजोर विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए अध्यापन भी कराते हैं।

### शिविर में बच्चों और ग्रामीणों की जांच

**रायपुर।** ग्राम धनेली स्थित कनक इंग्लिश मीडियम स्कूल में निशुल्क दंत जांच चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में दंतरोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक ने स्कूल के बच्चों, अभिभावकों एवं समस्त ग्रामीणों की जांच की। इस मौके पर स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि मनुष्य के जीवन में दांत का एक अलग महत्वपूर्ण स्थान है। स्वास्थ्य के लिए सबसे जरूरी अंगों में से एक है। दांत व मुंह से संबंधित बीमारियों के होने का कारण बताया तथा उसके उपचार व उचित देखभाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में स्कूल के बच्चों सहित शिक्षक और स्टॉफ शामिल हुए।

## आयोजन : सुबह से रात तक चलता रहा भजन-कीर्तन का दौर

# श्री भगवान राम की भक्ति में भगवामय हुआ देवकर

हरिभूमि न्यूज:देवकर

श्रीअयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभअवसर पर सुरही नदी के पावन तट पर स्थित देवकर में भी अनेक तरह के धार्मिक आयोजन किया गया। इस पुनीत अवसर पर संपूर्ण देवकर भगवा रंग में रंगकर भगवान श्रीराम की आराधना में डूबा रहा। नगर के धार्मिक स्थलों में दिन भर पूजा-अर्चना कर दौर चलता रहा।







### नगर में निकाली गई शोभायात्रा

नगर के प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री राम मंदिर, प्रवेश द्वार बस स्टैंड के पास हनुमान मंदिर में इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जहां राम मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई एवं राम मंदिर प्रांगण में राम जी की आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया तो वहीं हनुमान मंदिर प्रांगण प्रवेश द्वार के पास 51 फुट ऊंची पोल में भगवा ध्वज लहराया गया एवं प्रसाद वितरण किया गया। प्रोजेक्टर द्वारा अयोध्या में हुए श्री राम जी की प्राण-प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण श्रद्धालुओं को दिखाया गया। इस अवसर पर सनातन प्रेमियों द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर राम भक्तों द्वारा वार्ड नंबर एक साजा मोड़ के पास श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित किया या था।

### सशिमं में हुआ कार्यक्रम

नगर में निकली श्रीराम जी की शोभायात्रा में जय-जय श्रीराम के जयकारे लगते रहे। इस अवसर पर मनमोहक झांकी भी निकाली गई। इसमें प्रभु श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण और संकटमोचन हनुमान बनकर बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि रविशंकर सोनी, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, डा. आरएल साहू, माधव यादव, दिनेश यादव गोल्डी साहू उपस्थित रहे। इस पुनीत अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर में पौधरोपण भी किया गया। छात्रों व शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रजाति के 10 पौधे रोपे गए।

## हमारा सौभाग्य कि हम श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बने : विजय

**बेमेतरा।** अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन एवं प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर गंगा आरती समेत शहर में विभिन्न सफल आयोजन हुए जिसमें मुख्य रूप से पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिंहा की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने से लेकर सफल आयोजन तक पूर्व नपा अध्यक्ष दिन-रात कार्य में लग रहे। राम मंदिर के पास तालाब में दीपदान, गंगा आरती और मानस गायन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष ने कहा कि हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शहर में आयोजित कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। यह सौभाग्य का क्षण है कि हम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हैं। राम भक्तों में उत्साह का माहौल है। मां भद्रकाली तालाब में गंगा आरती के साथ 16 हजार दीप प्रज्वलित किए गए। छत्तीसगढ़ के लिए बहुत बड़ी ख़ुशी है कि यहां राम भगवान का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि अनगिनत साधु-संतों भक्तजनों और लोगों की आस्था और धैर्य का परिणाम है कि आज अयोध्या में अपने घर श्री राम लला आये।

## 5100 दीपों से जगमगाया बुढ़ेश्वर महादेव मंदिर







**नवागढ़।** अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर धर्मनगरी नवागढ़ पूरी तरह से राममय रहा। जगह-जगह कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने राम के काम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लोग सब कुछ भूल कर प्रभु श्रीराम नाम का जाप कर प्रभु की भक्ति में लीन रहे। नगर के ऐतिहासिक धरोहर श्री राम जानकी मंदिर, बुढेश्वर महादेव मंदिर शंकर नगर, श्री सिद्ध समी गणेश मंदिर के साथ ही मुख्य चौक सिविल लाईन सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर राम नाम का जाप कर प्रसादी वितरण किया गया।बुढेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से भक्तगण दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। दोपहर में भव्य कलशयात्रा निकाली गई जो शंकर नगर मंदिर से प्रारंभ होकर रेस्ट हाऊस चौक से होकर एसडीएम कार्यालय से होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर में दर्शन पश्चात बस स्टैंड से होकर वापस शंकर मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। कलशयात्रा पश्चात हलवा और पूड़ी का प्रसादी वितरण किया गया। जिसमे बुढेश्वर महादेव सेवा समिति के सदस्य अमित जैन, पार्षद रामनारायण छली श्रीवास, रमेश तोरण निषाद, संजय शर्मा, दुर्गेश शर्मा, अर्जुन रजक, मनोज देवांगन, संतोष पाल, किशोर राजपूत, पप्पू ठाकुर, रमेश सिन्हा, मोहित राजपूत, कृष्णा विश्वकर्मा, गणेश सिन्हा, जितेंद्र सिन्हा सहित सैकड़ों अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रसादी वितरण पश्चात शाम को समूचे मंदिर परिसर को 5100 दीप प्रज्ज्वलित कर रोशन किया गया।

## नांदघाट अंचल में घर-घर जगमगाए दीप



**नांदघाट।** अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। इस दौरान नांदघाट क्षेत्र के धर्म प्रेमियों ने जहां घर-घर दीपक जलाए, वहीं मंदिरों में विशेष पूजा कर प्रसादी वितरण किया गया। इस दौरान लोगों ने जमकर आतिशबाजी के साथ श्री राम के जयकारे लगाए। वहीं, बाजार चौक स्थित प्राचीन राम मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर को दीपों से सजाया गया। वहीं, हिंदू धर्म के लोगों ने विशाल बाइक रैली निकाली। यह रैली ग्राम मुर्रा से सेमरिया, अड़ार, नांदघाट, खपरी, अकोली, खैरा होते हुए वापस मुर्रा पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान लोगों ने बाइक रैली की जगह जगह आरती उतारकर व पुष्प वर्षा की। शीतला पारा के शिव मंदिर में सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन कर लोगों को महाप्रसादी वितरित किया गया। इस दौरान सरपंच सरिता लाला कटारे, उपसरपंच संदीप वैष्णव, व्यास वर्मा, गौतरहीन यादव, नीलकंठ पाल, विवेक शुक्ला, दिलहरण वर्मा, अमर वर्मा, महेश्वर वर्मा, कौशल वैष्णव, सुमित वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पिकरी में मनाया गया श्रीराम नवधा महोत्सव

**बेमेतरा।** नवयुवक समिति पिकरी द्वारा रामोत्सव श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या धाम के पावन उपलक्ष में एक दिवसीय श्रीराम नवधा महोत्सव राम आएंगे वार्ड नं 1 पिकरीपारा में सामुदायिक भवन प्रांगण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम का प्रारंभ श्री राम स्तुति एवं रामचरितमानस वंदना के साथ प्रारंभ हुआ दोपहर 12:20 पर महा आरती व महाप्रसाद वितरण किया गया व राम कथा प्रस्तुति प्रथम पुष्प के रूप में जय मां शीतला मानस मंडली भिलौरी, ममता बालिका मानस मंडली नवागढ़, राम के चिन्हारी मानस मंडली सनकपाट मरजादपुर, त्रिवेणी बालिका मानस मंडली खिलोरा, चंचल मानस मंडली रेवे, दिव्य ज्योति मानस मंडली कठिया एवं श्री राम जानकी मानस मंडली बेमेतरा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। जिससे दर्शक व श्रोता मंत्र मुग्ध होकर सुनहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल रजक ने किया। इस अवसर पर समिति के प्रभु वर्मा, अजय वर्मा, गोपी वर्मा, राकेश वर्मा, टिकम वर्मा, अंजोर वर्मा, गोपी वर्मा, पवन सिंह ठाकुर, दिलीप वर्मा, भकला वर्मा, रामकैलाश वर्मा, द्रोपती वर्मा, राधा वर्मा, सुनीता रजक, नीरा वर्मा, चकबती वर्मा, दुखम वर्मा, प्रहलाद सहित अनेक सदस्य शामिल थे।



### कर्मा चौक में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**बेमेतरा।** अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर दुर्ग रोड सिंघोरी स्थित भक्त कर्मा माता चौक में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में सर्व हिंदू समाज के जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न साहू, नानक साहू, हीरालाल साहू, मुकेश साहू, सत्यम साहू, गोविंद वर्मा, लेख राम साहू, (पप्पू) पहलाद साहू, एवं महिला मंडली, कमल साहू, सोहद्रा देवांगन , कुमारी माही साहू, कुमारी तनु साहू, कुमारी त्रिवेणी साहू, कुमारी ललित साहू, डॉक्टर खोमराम साहू, नरोत्तम साहू, नालेश्वर साहू, चोवा राम साहू, टेकराम साहू, फेरू साहू, श्रीमती सुषमा साहू, तीक्षण साहू, रामाधार साहू, दिना साहू, यशवंत देवांगन, अभनसेन, महेश्वर श्रीवास, सुनील साहू एवं सभी समाज के श्री राम भक्तों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाया गया।




## विधायक दीपेश कोबिया नवधा रामायण में हुए शामिल



**बेमेतरा।** शहर के कोबिया वार्ड में आयोजित ''पांच दिवसीय श्री अखंड नवधा रामायण समारोह में विधायक दीपेश सम्मिलित होकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासियों के सुखद जीवन की कामना की। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, विकास तम्बोली, पार्षद साधे लाल बघेल, देवनाथ पाल, संतोष वर्मा, समिति संयोजक कमलेश वर्मा, अध्यक्ष राजा वर्मा, उपाध्यक्ष सुखेन वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, गणेश यादव, शिव प्रताप वर्मा, ललित यादव, शिवा यादव, उत्तम वर्मा, निलेश वर्मा, परमेश्वर वर्मा, ताकेश्वर वर्मा, गोविन्द पाल, दादू वर्मा, डोमन पाल, मनीष यादव, कृष्णा वर्मा, संजू विश्वकर्मा शामिल हुए।

### दान का पर्व छेरछेरा कल

**बालोद।** जिलेभर में कल गुरुवार को छेरछेरा पर्व मनाया जाएगा। हर साल पौष मास के पूर्णिमा के दिन यह त्यौहार पड़ता है। इस दिन बच्चों से लेकर बूढ़े तक एक दूसरे के घर धान मांगने जाएंगे। छेरछेरा त्यौहार के दिन धान मांगने की यह परम्परा कई सालों से चली आ रही है और आज भी इस परंपरा को लोग शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बखूबी निभाते आ रहे हैं।

## गौरवशाली है कलार समाज का इतिहास : आशीष छाबड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेरला ब्लाक के ग्राम सिवार में कलार समाज ने भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती मनाई। इस अवसर पर सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा थे। उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किए।

- ग्राम सिवार में आयोजित कलार समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व विधायक

इस दौरान श्री छाबड़ा ने सिन्हा कलार समाज के बीच अपने संबोधन में कहा कि बड़ा हर्ष का विषय है ग्राम सिवार के इस पावन धरा में (सिन्हा) कलार समाज द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती एवं सम्मान समारोह का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मना रहे हैं। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन और माता बहादुर कलारिन का इतिहास गौरवशाली हैं। कलार (सिन्हा) समाज आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक दृष्टि से मजबूत है। आगे कहा कि कलार समाज एक ऐसे समाज हैं, जो सर्व मानव समाज की सेवा के लिए हर समय प्रथम पंक्ति में खड़ा रहता है। कलार समाज कोई एक समाज नहीं, बल्कि समूचे मानव समाज के लिए एक उदाहरण है। मानव सेवा में अपना संपूर्ण जीवन बीता देता है। हम सभी को देखने को मिलता है कलार समाज का प्रतिनिधित्व सहयोग लगातार हर एक क्षेत्र में देखने को मिलता है। चाहे विकास की बात हो, चाहे राजनीति का क्षेत्र हो, चाहे सामाजिक,धार्मिक कार्य हो प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से समाज का सहयोग मिलता आ रहा है। समारोह में डा ईश्वर सिन्हा मंडलेश्वर, बिरेंद्र सिन्हा अध्यक्ष जिला (सिन्हा) कलार समाज, डामन सिन्हा, मोहन सिन्हा, राजेश चंदेल, विनोद सिन्हा, मोहित सिन्हा, अनुजराम जयसवाल, केशव सिन्हा, पिंटू सिन्हा, भरत लाल सिन्हा, पोषण सिन्हा, संनत, रामजी सिन्हा, रमई सिन्हा, लेखराम सिन्हा, भरत सिन्हा, तखत सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारीगण, ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## साइकिल पाकर दिव्यांगों के चेहरे पर आई मुस्कान

# विधायक साहू ने चार दिव्यांगों को बांटी ट्राय साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू के जन्मदिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र में उनके दीर्घायु होने की कामना करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने जहां पूजा-अर्चना कर मन्नत मांगी तो वहीं दिन भर उनके निवास सहित क्षेत्र में जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए और बधाई देने दिन भर तांता लगा रहा।

इसी तरह जन्मदिन के अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने अपने निवास कार्यालय में समाज कल्याण विभाग द्वारा चार दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भेंट अपना जन्मदिन मनाया। विधायक दीपेश साहू ने इस दौरान कहा कि केंद्र सरकार की एक महत्वाकांक्षी और जनउपयोगी योजना है। इनका प्रचार-प्रसार जितना अधिक होगा



उतना ही यहां के दिव्यांगों और बुजुर्गों को लाभ पहुंचेगा। इसी परिपेक्ष में दिव्यांग सशक्तिकरण के लिए बेमेतरा में समाज कल्याण विभाग द्वारा विधायक दीपेश साहू के जन्मदिन के सुअवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चार चयनित दिव्यांगों को ट्राई साइकिल वितरण किया। इन चार हितग्राहियों को मिला लाभ

चयनित हितग्राही धनेश कुमार ग्राम सोनडोंगरी साजा, सतेंद्र कुमार मिरे हरदी नवागढ़, हितवंत सिंह पाटले पेण्ड्री सम्बलपुर, सनत सोनवानी शिवनी मुरकुटा को बैटरी चलित ट्राय साइकिल का वितरण किया गया।

दिव्यांग सत्येंद्र कुमार मेरे ने कहा कि इससे पहले हमको आवागमन में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। जैसे ही केंद्र सरकार की योजना की जानकारी समाज कल्याण विभाग द्वारा हुई मै तत्काल इसका फॉर्म भरा, उसके बाद मेरा सूची में नाम आया। मैं समाज कल्याण विभाग और विधायक दीपेश साहू का बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूं, क्यों की इन सबके सहयोग से मुझे ये बैटरी चलित ट्राय साइकिल मिला है।

इस अवसर पर बरखा काशू उप संचालक समाज कल्याण विभाग बेमेतरा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, पूर्व नपा अध्यक्ष विजय सिन्हा, प्रहलाद रजक, हर्ष तिवारी, राकेश मोहन शर्मा, होरीलाल सिन्हा, रोशन दत्ता, परस वर्मा, विकास तंबोली, वैभव तिवारी, पार्षद नीतू कोठारी, योगेश वर्मा, निखिल साहू, डॉ. विनय साहू, मोहित साहू उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
07 मई से 20 मई 2024, 09 मई से 22 मई 2024, 11 मई से 24 मई 2024, 13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024, 17 मई से 30 मई 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
छत्तीसगढ़ के श्रवण कुमार
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
संपर्क करें:-7354-411411